**Fourteenth Loksabha**

**Session : 7**
**Date : 27-02-2006**
**Participants : Mukherjee Shri Pranab,Pathak Shri Brajesh,Gandhi Smt. Maneka**

>

Title : Submission regarding reported political interference in the functioning of judiciary.

**श्री ब्रजेश पाठक (उन्नाव) :** माननीय उपाध्यक्ष जी, पहले मुझे दो मिनट का समय दीजिए।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** श्री विजय कुमार मल्होत्रा जी। One by one, please.

...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** ब्रजेश पाठक जी, मैंने मल्होत्रा जी का नाम लिया है।

...(व्यवधान)

**प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (दक्षिण दिल्ली) :** उसके बाद उठा लीजिए।...(व्यवधान)

**श्री ब्रजेश पाठक :** ...कि किस तरह से ज्यूडीशियरी को खरीदा बेचा जा रहा है, प्रभावित किया जा रहा है। इस मुद्दे पर आज चर्चा होनी चाहिए थी...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप बैठ जाइए। मैं आपको बाद में सुनुंगा।

...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: You are speaking without my permission and nothing will go on record.

*(Interruptions)* ...*

**12.06 hrs.**

(At this stage, Shri Brajesh Pathak and some other hon. Members came and stoodon the floor near the Table.)

**उपाध्यक्ष महोदय** : आप लोग वापस जाइए।

...(व्यवधान)

**12.07 hrs.**

(At this stage, Shri Brajesh Pathak and some other hon. Members went back to their seats.)

**श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद)** : यह मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है। यह यहां पर नहीं उठाया जा सकता है...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय** : आप बैठ जाइए।

---

* Not Recorded.

...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing is being recorded.

*(Interruptions)** ...

**उपाध्यक्ष महोदय** : लीडर्स मीटिंग में यह डिसाइड हुआ है and according to the rules and procedure उसी तरह से मैं काम कर रहा हूं। सबसे पहले आपके बोलने वालों को मैं सूनुंगा, लेकिन आप एक-एक करके बोलिए। यह मत कहिए कि पहले हमारी सुनिए। यह चेयर ने डिसाइड करना है कि किसे पहले मौका देना है। I will try to accommodate you. आप यह मत समझिए कि अखबार शो करने से मैं आपको पहले बोलने के लिए टाइम देना शुरू कर दूंगा।

...(व्यवधान)

**श्री ब्रजेश पाठक** : महोदय, यह सही नहीं है। हिन्दुस्तान के इतिहास में...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing is going to be recorded.

*(Interruptions)** ...

**12.08 hrs.**

(At this stage, Shri Brajesh Pathak and some other

hon. Members came and stood on the floor near the Table)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप लोग वापस जाइए मैं आपको बोलने के लिए टाइम दूंगा।

...(व्यÉvÉÉxÉ[c13])

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप नोटिस दे दीजिए।

...(व्यवधान)

**12.10 hrs.**

(At this stage, Shri Brajesh Pathak and some other

hon. Members went back to their seats)

**श्री ब्रजेश पाठक :** आप हमें दो मिनट बोलने का समय दीजिए।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** लीडर्स मीटिंग में डिसाइड किया गया था कि जिनके नोटिस सुबह साढ़े नौ बजे से पहले आएंगे, पहले उनकी बात सुनी जाएगी।

...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप मेरी बात सुनिए।

---

* Not Recorded.

...(व्यवधान)

**श्री ब्रजेश पाठक :** अध्यक्ष महोदय, यह मामला बहुत गंभीर है।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** मेरे पास इनका नोटिस 9.42 बजे आया है। लेकिन ऐसा नहीं है कि मैं इन्हें बोलने का समय नहीं दूंगा।

...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPAKER: Unfortunately, I have to concede to you.

… (*Interruptions*)

**श्री ब्रजेश पाठक :** यह गंभीर विाय है, लोक महत्व का सवाल है।...(व्यवधान) अगर इस मुद्दे पर चर्चा नहीं कर वाई गई तो संविधान की धज्जियां उड़ाने वाले लोग कब तक हिन्दुस्तान में राज करेंगे।...(व्यवधान) इस सदन में इससे महत्वपूर्ण मुद्दा आज तक नहीं आया।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप एक मिनट बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions)* …*

**उपाध्यक्ष महोदय :** मैं आपको पहले बोलने का समय दे दूंगा. लेकिन यह बात सही नहीं है क्योंकि जो हमने लीडर्स मीटिंग में डिसाइड किया था, वह नहीं हो रहा है।

...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** इसमें सुप्रीम कोर्ट का मामला है, इसलिए आप जरा सोच-समझकर बोलें।

...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप अपनी सीट पर जाकर बोलें। सिर्फ श्री ब्रजेश पाठक की स्पीच रिकार्ड में जाएगी।

...(व्यवधान)

**श्री ब्रजेश पाठक :** अध्यक्ष महोदय, सीडी प्रकरण आज अखबार में छप गया।...(व्यवधान) जजों से क्या बात हुई। एक मुख्य मंत्री ने जजों से क्या बात की।...(व्यवधान) जजों को खरीदा गया, बेचा गया।...(व्यवधान) जांच का निर्णय चाहे जो हो लेकिन सीडी की सत्यता की जांच होनी चाहिए।...(व्यवधान)

* Not Recorded.

**उपाध्यक्ष महोदय :** श्री मिस्त्री जी, आप सीनियर हैं, समझदार हैं, इसलिए कम से कम आप तो बैठ जाइए। मैंने हाउस को भी चलाना है।

...(व्यवधान)

**श्री ब्रजेश पाठक :** भ्रटाचार निवारण अधिनियम के तहत उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। हिन्दुस्तान में किसी को छूट नहीं मिल सकती।...(व्यवधान) जो लोकतंत्र के महत्वपूर्ण न्यायपालिका पर हमला बोले, न्यायपालिका को खरीदने और बेचने का काम करें, ऐसे लोगों के लिए सदन बहुमत से निर्णय पास करे और उन्हें दंडित कराने का काम करे।...(व्यवधान)

यहां सदन के नेता उपस्थित हैं। वे इस प्रकरण का जवाब दें और बताएं कि इसकी जांच कितने दिन में पूरी कर ली जाएगी और भ्रटाचार निवारण अधिनियम के तहत सदन किस तरह उन्हें दंडित करेगा।...(व्यवधान)

मैं एक बात और कहना चाहता हूं। जांच द्वारा जो सीडी मिली है, उसे मैं सदन के पटल पर रखना चाहता हूं।...(व्यवधान[R14])

MR. DEPUTY-SPEAKER: I cannot allow this.

... (*Interruptions*)

**श्री ब्रजेश पाठक :** आप हमें इसकी अनुमति दें। ...(व्यवधान) पूरा हिन्दुस्तान जानना चाहता है कि किस तरीके से जजों को खरीदा गया, किस तरीके से हमारे एक विधायक को तोड़ने का प्रयास किया गया। ...(व्यवधान) दल-बदल अधिनियम के तहत विधायकों को तोड़ना भी एक अपराध है। इस सीडी में दिखाया गया है कि किस तरीके से हमारे विधायकों को तोड़ने का प्रयास किया गया, किस तरीके से पैसे का प्रलोभन दिया गया। ...(व्यवधान) किस तरीके से कहा गया कि यह जज बिका हुआ है। यह जज हमारे पक्ष में नहीं आयेगा, जज को बदल दो।...(व्यवधान) ये अशोभनीय बातें हिन्दुस्तान की जनता जानना चाहती है।

उपाध्यक्ष महोदय, नेता सदन यहां बैठे हुए हैं। हम चाहते हैं कि सीडी प्रकरण के मामले में अखबारों में जो छपा है, नेता सदन उस संबंध में जवाब दें और इस सीडी को सदन के पटल पर रखा जाये। ...(व्यवधान)

नेता सदन यह भी बतायें कि इस मामले की जांच कब तक पूरी करा ली जायेगी। ...(व्यवधान) हम नेता सदन से प्रार्थना करना चाहते हैं कि वे इस संबंध में जवाब दें। ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** श्री प्रियरंजन दासमुंशी जी आपकी बात का जवाब दे रहे हैं। आप उसे सुन लीजिए।

...(व्यवधान)

SHRI MADHUSUDAN MISTRY (SABARKANTHA): Sir, we want a statement on this matter.... (*Interruptions*)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI): Sir, let other important issues be taken up. Then, the Leader of the House, Shri Pranab Mukherjee, will respond for all of them together.... (*Interruptions*)

**श्री ब्रजेश पाठक :** उपाध्यक्ष महोदय, हम चाहते हैं कि नेता सदन इस संबंध में जवाब दें। ...(व्यवधान) सदन का समय तय करें और यह जांच कब तक पूरी करा ली जायेगी। ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** आपका प्वाइंट आ गया है इसलिए आप बैठ जाइये। मल्होत्रा जी, क्या आपको कुछ कहना है ?

...(व्यवधान)

**श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) :** उपाध्यक्ष महोदय, हमें चौधरी देवी लाल जी के विाय में कुछ कहना है। चौधरी देवी लाल जी का नाम सब जगहों से हटाया जा रहा है। ...(व्यवधान)

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE): Sir, so far as this issue is concerned, I have just heard the hon. Members and most of them, it was not quite audible. But I understand that some cassettes have been received by the Ministry of Home Affairs. They are being examined as regards authenticity, etc. After being examined, as per law, if any action is called for, it will be taken.

... (*Interruptions*)

SHRIMATI MANEKA GANDHI (PILIBHIT): The judgement of the particular case referred to is coming up tomorrow. How long is the Home Ministry going to take on जांच करो because it is a matter of extremely serious importance. It is not a BSP or a

BJP or a Congress Party matter. In these tapes, copies of which we have all received, it has been alleged that three judges have been influenced. One judge has given his judgement and is also being proposed to become a head of a Commission which the Governor has rejected. Two judges have to give their judgement tomorrow in a matter that affects the whole of India. Now, they have been very loosely referred to इसको खरीदा, उसको खरीदा। इसको यह किया, उसको वह किया।

We want to know how long the Home Ministry will take in जांच करो because the judgement is to be given tomorrow.

**उपाध्यक्ष महोदय :** आपका प्वाइंट आ गया है इसलिए अब आप बैठ जाइये।

---

....(व्यवधान)